## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्यां

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** थाना क्षेत्र के ग्राम सहिमाबाद में पति से झगड़कर महिला ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्राम सहिमाबाद में करीब 4 बजे रेशमा (32) का मजदूर पति अरविंद कुमार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद रेशमा ने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजन ने खिड़की से झांककर देखा तो रेशमा लटकी मिली। बताया जा रहा है कि मृतका के परिवार में चार साल की बेटी मान्या व बेटा अरमान है। वर्ष व एक बेटा अरमान है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र भाटी ने बताया कि मायकेवाले अगर कोई तहरीर देंगे तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### करंट से मजदूर की मौत, प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेहटा गांव में सोमवार को टेंट लगाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर श्यामू रावत (37) की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गुडंबा के सेक्टर-जे में शव रखकर जमकर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ। प्रदर्शनकारी मृतक के परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे। हंगामे की सूचना पर इंस्पेक्टर गुडंबा और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई और सहायता का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

### रेलवे ट्रैक पर चल रहे व्यक्ति को पुलिस ने बचाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज पुलिस की सतर्कता से सोमवार रात रेलवे ट्रैक पर चल रहे 46 वर्षीय मानसिक बीमार व्यक्ति को बचा लिया गया। वह कुछ भी बता नही पा रहा था। पुलिस को उसके पास से मोबाइल नम्बर मिला, जिससे पता चला राजस्थान से 15 दिन पहले गायब हो गया था, जो भटक कर मोहनलालगंज पहुंच गया। पुलिस ने परिजनों से सम्पर्क कर व्यक्ति को उनके सुपुर्द किया। मोहनलालगंज पुलिस सोमवार की रात्रि गश्त कर रही थी। गोपाल खेड़ा के पास रेलवे लाइन पर एक युवक चल रहा था। पुलिस को लगा कोई युवक खुदकुशी करने जा रहा है। पुलिस ने दौड़कर उसे बचाया। युवक का नाम राम हरि है जो जटनगर, करौली राजस्थान का है।

### प्लॉट के नाम पर हड़पे दस लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसएसबी के दरोगा दिनेश कुमार मिश्रा ने एमजी बिल्डर डेवलपर्स के मालिक और कर्मचारियों पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के आदेश पर विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मानकगनर निवासी दिनेश ने बताया कि वर्तमान में वह पश्चिम बंगाल में तैनात हैं। वर्ष 2015 में जमीन लेने के लिए विभूतिखंड के एमजी बिल्डर डेवलपर्स से संपर्क किया था। कंपनी ने एक प्लॉट दिखाया, जिसकी कीमत करीब 9 .91 लाख रुपये बताई। उन्होंने दो जनवरी 2015 से 10 जुलाई 2019 तक पूरी रकम जमा कर, लेकिन अभी तक रजिस्ट्री नहीं हुई। वर्ष 2022 में जानकारी हुई कि मालिक और कर्मचारी कंपनी बंद करके भाग निकले हैं।

### रंजिश में पड़ोसियों ने मां-बेटी को पीटा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र के बेहसा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने मां-बेटी को बेरहमी से पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सपना रावत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 अप्रैल की दोपहर वह मां विमला के साथ घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान पड़ोसी सुनील कुमार, उनकी पत्नी नीरज, बेटी प्राची, बेटा वैभव, भतीजे प्रिंसू व नैतिक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में सपना और उनकी मां को चोटें आईं। सपना का कहना है कि इस दौरान उनके कान का झाला भी गिर गया, जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। वहीं उनकी मां के हाथ में सूजन आ गई।

### कार की टक्कर से युवक घायल, रिपोर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र में 12 अप्रैल को कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के माती गांव निवासी मायाराम ने तहरीर में बताया कि 12 अप्रैल की शाम बेटा अमन बाइक से घर लौट रहा था। तभी कमलापुर के पास फोर्ड फिगो कार (यूपी 32 केजी 8743) ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मायाराम का कहना है कि इस घटना में उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बेटे की जेब में रखे 11 हजार रुपये व मोबाइल फोन भी गायब हो गया। मायाराम का आरोप है कि कार सवार लोग नशे में थे।

# दरोगा की लापरवाही से हुआ शिवपुरा में बवाल

## कार्यक्रम में लगाई गई ड्यूटी पर समय पर नहीं पहुंचे, एसीपी कृष्णानगर ने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी रिपोर्ट, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, सरोजनीनगर




बंथरा के शिवपुरा स्थित आंबेडकर जयंती कार्यक्रम बवाल के बाद लगी भीड़ और बवाल के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बंथरा के शिवपुरा स्थित आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में पथराव और फायरिंग की सूचना मिलते ही एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली बसंथ कुमार, एसीपी रजनीश वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और स्थिति को संभाल लिया। जांच में दरोगा विपिन कुमार की लापरवाही सामने आई है। कार्यक्रम में दरोगा विपिन की ड्यूटी लगाई गई थी। उन्हें कार्यक्रम शुरु होने से पहले पहुंचना था, लेकिन वह तय समय पर पहुंचे ही नहीं। उच्चाधिकारियों की पूछताछ में भी वह सही जवाब तक नहीं दे सके। एसीपी कृष्णानगर ने रिपोर्ट बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी, जिसके बाद उपनिरीक्षक विपिन को निलंबित कर दिया।

बवाल के सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से अंबेडकर नगर निवासी करन गौतम और विशाल गौतम को पकड़ लिया। पुलिस को घटनास्थल से .32 बोर के दो खोखे भी बरामद किए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पक्ष से लालाखेड़ा निवासी सरवन और दूसरे पक्ष के मनोज गौतम ने तहरीर दी है। मनोज ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजीत रावत ने लाइसेंसी पिस्टल से दो बार हवाई फायरिंग की। हमलावरों ने मनोज के बेटे पर जान से मारने की नियत से फायर किया, किस्मत से वह बाल-बाल बच गया। ये भी आरोप लगाया कि रंजीत के समर्थकों ने थाने पर भी उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की। पुलिस ने करन और विशाल को अपने ऑफिस के अंदर बंद कर लिया। धक्का मुक्की से ऑफिस के दरवाजे का शीशा भी टूट गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# आंबेडकर जयंती पर ब्लेड से फाड़ी होर्डिंग, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **वीडियो वायरल होते ही हरकत में आयी हजरतगंज पुलिस**
- **स्कूटी नंबर से ट्रेस कर आरोपी को छह घंटे में दबोचा**

**अमृत विचार:** 1090 चौराहे पर आंबेडकर जयंती के मौके पर लगे बाबा साहब के होर्डिंग स्कूटी सवार युवक ने ब्लेड से फाड़ दिए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का संज्ञान लेते ही हजरतगंज पुलिस हरकत में आयी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद बसपा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र गौतम ने हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज छह घंटे के भीतर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम हिमांशु मिश्रा निवासी पारा बताया। एसीपी हजरतगंज ने बताया कि मंगलवार को



हिमांशु

आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर 1090 चौराहे के आसपास कई बैनर व पोस्टर लगाए गए थे। शाम के वक्त स्कूटी सवार हिमांशु उधर से गुजर रहा था। अचानक उसने स्कूटी रोकी और गाड़ी खड़ी कर ब्लेड से तीन से चार बैनर फाड़ दिए। उसकी इस हरकत को कुछ राहगीरों ने कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर जैसे ही वायरल हुआ, हजरतगंज पुलिस हरकत में आ गई। वीडियो की मदद से स्कूटी का नंबर ट्रेस किया गया और देर रात आरोपी हिमांशु को उसके घर से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में एजेंट है। बैनर फाड़ने के बारे में पूछने पर उसने बताया कि उसको इस बात का डर था कि कहीं बैनर उड़कर किसी की आंख में न लग जाए।

## एंबुलेंस सेवा कंपनी के प्रेसीडेंट को फोन पर दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एंबुलेंस सेवा 108-102 की सेवा प्रदाता कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज उत्तर प्रदेश के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी को पांच अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल कर धमकी दी गई। मामले में कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर ने ट्रैवेल्स एजेंसी पर शक जताते हुए आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के अनुसार कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर राज कमल राय ने तहरीर देकर बताया कि पिछले कुछ दिनों में प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी को पांच अलग-अलग नंबरों से फोन कर धमकाया गया। धमकियों के बाद से वह मानसिक तनाव में हैं, जिससे कंपनी के कार्य संचालन पर भी असर पड़ा है। कंपनी प्रदेश में इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा 108-102 संचालित करती है। प्राथमिक जांच में यह आशंका सामने आई है कि जिन नंबरों से कॉल की गई, उनमें से एक नंबर ट्रैवेल्स एजेंसी संचालक विजय मिश्रा के नाम से पंजीकृत है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को कॉल रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


# डॉ.आंबेडकर को किया नमन और निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, काकोरी


- **जिले में जगह-जगह मनाई गई संविधान निर्माता की जयंती**

**अमृत विचार:** जिले के कसबों और ग्रामीण क्षेत्रा में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। शोभायात्राएं निकाली गईं और सभाओं ने वक्ताओं ने समाज के लिए डॉ आंबेडकर के योगदान का बखान किया।

मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ककोरी, कस्बा काकोरी कटरा बाजार, बहरु, पहिया आजमपुर, जेहटा, जलियामऊ, महिपतमऊ, बड़ागांव, दसदोई, भलिया, शकरा, खुशहालगंज, मौंदा जयंती धूमधाम से मनाई गई। काकोरी में पूर्व चेयरमैन सुशील कुमार, चेयरमैन रोहित साहू, जिलाध्यक्ष डॉ विजय मौर्य, पूर्व मण्डलध्यक्ष मनीष गुप्ता, गोपी राजपूत, शिवहरी द्विवेदी, हंसराज लोधी, रविराज लोधी, विनय निगम, नीलम श्रीवास्तव एडवोकेट ने पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कटरा बाजार चौराहा पर मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष सालिम ने भंडारा कराया। अमेठिया सलेमपुर में निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया, सांसद प्रतिनिधि मुईन खान ने गोष्ठी व भंडारा किया। इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया ने शिवरी, बड़ागांव, मुबारकपुर, बुद्धेश्वर एवं पारा क्षेत्रों में कम्युनिटी सेंटरों पर जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम किए।



माल बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग।



बीकेटी आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल भाजपाई।

### बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

- **अमृत विचार, माल :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठवारा, रघुनाथपुर, गोड़वा, पिपरी कुराखर, देवरी गजा, ढोल बजा, जगदीशपुर, रायपुर, दिघारा, बहरौरा, भवानी खेड़ा, राजगढ़, अकबरपुर साहमऊ, कंधरतला सहित अन्य कई गांवों में बसपा के युवा नेता नरेंद्र कुमार गौतम ने समर्थकों के साथ डॉ. अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। नरेंद्र ने सभी से बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके सपनों को साकार करने का आग्रह किया।

### कुसमौरा में निकली भव्य भीम यात्रा, युवाओं में दिखा उत्साह

- **अमृत विचार, निगोहां :** कुशमौरा (सुखनाखेड़ा) में नागेश्वर द्विवेदी की अगुवाई में बाइकों से भीम यात्रा निकाली गई। इसमें जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भरद्वाज, ग्राम प्रधान कमल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। अघइया गांव के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी ने ग्रामीणों के साथ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

### मामपुर बाना में भाजपाइयों ने किया कार्यक्रम

- **अमृत विचार बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब (बीकेटी) क्षेत्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंडल बीकेटी के शक्ति केंद्र मामपुर बाना में भाजपा जिला मंत्री विवेक सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला उपाध्यक्ष हंसराज लोधी, शक्ति केंद्र संयोजक जगदीश मौर्य, बूथ अध्यक्ष संजय शुक्ला, अजय द्विवेदी, रौनक गौतम, राजकुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे। तहसील परिसर में जयंती मनाई गई। यहां कार्यक्रम की शुरुआत एक बुजुर्ग महिला द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। बीकेटी बार के पूर्व अध्यक्ष राजेश भारती, पूर्व संयुक्त मंत्री प्रशासन अनिल गौतम, नागेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट व जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं और अन्य लोग मौजूद रहे।

### अर्जुनगंज सब्जी मंडी से निकाली बाइक यात्रा

- **अमृत विचार, गोसाईगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के अर्जुनगंज सब्जी मंडी से पूर्व बीडीसी सदस्य विनोद कुमार ने नेतृत्व में बाइक से शोभायात्रा निकाली गई। इसका समापन कोडरा गांव के पास हुआ। इस यात्रा में सोनू यादव , लालू रावत, शैलेन्द्र मणि, रवि कुमार शांति यादव समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। पूर्व प्रधान सूरज पाल ने हसनपुर खेवली गांव के क्रिकेट मैदान से एचसीएल तक शोभायात्रा निकाली .गई। इसमें राम सिंह प्रधान सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे। अनोद कुमार रावत के नेतृत्व मेंएचसीएल चौराहे से गोसाईंगंज के कोडरा गांव तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस लगाए गए शिविर में रक्तदान करते लोग।

## पीएनबी स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल कार्यालय लखनऊ की ओर से सभागार में सामाजिक सेवा के तहत रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ये शिविर लोक बंधु राज नारायण चिकित्सालय के सहयोग से हुआ। शिविर में पीएनबी के विभिन्न कार्यालयों से आए स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 60 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल प्रमुख सुजीत कुमार नेगी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे कई जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख सुनील कुमार और जेपी अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## महिला के शरीर पर मिले 17 चोटों के निशान, दुष्कर्म की पुष्टि नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **काकोरी इलाके में सड़क किनारे खेत में मिला था अज्ञात महिला का शव**
- **दुष्कर्म की पुष्टि के लिए डॉक्टरों ने बनाई स्लाइड**

**अमृत विचार :** काकोरी इलाके में सड़क किनारे खेत में मिले 35 वर्षीय महिला के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। महिला के सिर पर आगे, पीछे दो और शरीर के अन्य हिस्सों में पंद्रह चोटों के निशान मिले हैं। दुराचार की पुष्टि के लिए चिकित्सकों ने स्लाइड तैयार कर जांच के लिए भेज दी है।

काकोरी के मदारपुर गांव के बाहर 9 अप्रैल की सुबह सड़क किनारे खेत में 35 वर्षीय अज्ञात महिला का खून से लथपथ शव मिला था। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही थी। महिला के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान थे। मंगलवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला के सिर पर आगे और पीछे दो गंभीर चोटों के निशान हैं। आशंका जतायी जा रही है कि वारदात में किसी डंडे या फिर भरी भरकम हथियार से सिर पर वार किया गया। इसके अलावा पूरे शरीर में 15 चोटों के निशान मिले हैं। रिपोर्ट में मौत की वजह हेड इंजरी दर्शाई गई है। महिला के साथ दुराचार की पुष्टि के लिए चिकित्सकों ने स्लाइड तैयार कर जांच के लिए भेजी है। महिला की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

वहीं, दूसरी तरफ काकोरी पुलिस में महिला की शिनाख्त के लिए शहर और आसपास के जिलों के सार्वजनिक स्थानों पर महिला की फोटो चस्पा किए हैं। साथ ही पुलिस आगरा एक्सप्रेस व अन्य राजमार्गों पर स्थित टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लेकर छानबीन कर रही है।

**अमृत विचार Follow UP**

### शांति की रोटी की बात पर डॉक्टर को हुआ था शक

- **अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी थाना क्षेत्र के इब्राहिमगंज गांव में शांति देवी (65) की मौत के मामले में एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आयी है। जांच में पता चला कि 5 अप्रैल को शांति देवी ने रोटी खाते ही तबीयत बिगड़ने की बात डॉक्टर को बताई थी। इसपर डॉक्टर को शक हुआ था। डॉक्टर ने इस बात की जानकारी परिजन को दी थी। यही से मनोज का शक शालिनी पर गहरा गया था। पुलिस की दो टीमें मृतका के नाती की तलाश में उन्नाव व रायबरेली में दबिशें दे रही है। सोमवार को काकोरी पुलिस ने आरोपी बहू शालिनी को जेल भेज दिया था। आरोपी ने कबूला कि अस्पताल में पल-पल की जानकारी लेने के लिए उसने प्रेमी व ननद के बेटे करन को भी सास के साथ अस्पताल भेजा था। शालिनी ने पति मनोज से कहा था कि करन को बुला लो और उसकी कार से ही सास को अस्पताल ले जाना। जिसके बाद मनोज ने उन्नाव में रहने वाली बड़ी बहन को सूचना देकर करन को बुलाया था। पुलिस मामले में अस्पताल के डॉक्टरों का बयान भी दर्ज करने की तैयारी में है।

**समस्या** | जिले में बलुई मिट्टी की वजह से सफल नहीं हुई योजना

# खेत में बने तालाब योजना में नहीं टिकता पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **जमीन महंगी व छोटी जोत भी लक्ष्य पूर्ति में बना बाधा**

**अमृत विचार :** जिले में भूमि संरक्षण विभाग की खेत-तालाब योजना कामयाब नहीं हो पाई। अन्य जिलों की तुलना में किसान अपने खेतों पर मिनी तालाब बनाने को इच्छुक नहीं हैं। यहां की जमीनें महंगी और जोत छोटी है।

अब तक जो तालाब बने उनमें बलुई मिट्टी की वजह से एक वर्ष भी पानी नहीं टिक पाया। इस वजह से हर वर्ष मिलने वाले लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पाई और लक्ष्य आधारित योजना को वित्तीय वर्ष 2026-27 से मंडल स्तर पर मांग आधारित कर दिया गया है। फिर भी किसान तैयार नहीं है।

जलस्तर बढ़ाने के लिए वर्ष 2019 में खेत-तालाब योजना शुरू हुई थी। जिले को वर्ष 2020 में नौ तालाब, 2021 में सात तालाब, 2022 में तीन तालाब, 2023 में दो तालाब, 2024 में 49 तालाब और 2025 में 49 तालाब निर्माण का लक्ष्य मिला था। वर्ष 2024 में 10 पंजीयन के सापेक्ष एक किसान ने तालाब की खुदाई कराई, जबकि वर्ष 2025 में 12 किसानों ने पंजीयन कराया और एक भी तालाब नहीं बने।

इन वर्षों में कुल 22 तालाब ही बन पाए। इनमें ज्यादातर में बलुई मिट्टी की वजह से पूरे एक वर्ष पानी नहीं टिक पाया। इस कारण किसानों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार ने बताया किसानों को जागरूक करके योजना से लाभान्वित करेंगे।

### मत्स्य पालन के लिहाज से गहराई ज्यादा

- योजना का मकसद किसान अपने खेतों में मिनी तालाब बनाकर वाटर रिचार्ज के साथ सिंचाई, सिंघाडा, मत्स्य पालन आदि काम करके आय बढ़ा सकें। तालाब की कुल लागत 1,05,000 रुपये है। इसमें 50 फीसद धनराशि अनुदान के तौर पर मिलती है। एक मॉडल के तालाब की लंबाई 22 मी., चौड़ाई 20 मी. व गहराई 3 मी. होती है। जबकि मत्स्य पालन के लिहाज से गहराई अधिक है। मत्स्य पालन 1 से 1.50 मीटर गहराई में होता है।

# कैग ने किया ग्राम पंचायतों का ऑडिट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **दिल्ली से आई टीम ने अभिलेख लेकर देखे निर्माण कार्य**
- **शौचालय, आवास और मनरेगा कार्यों का औचक ऑडिट**

**अमृत विचार :** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की नई दिल्ली से आई टीम ने जिले में डेरा डालकर ग्राम पंचायतों का ऑडिट शुरू कर दिया है। टीम सम्बंधित विभागों से अभिलेख लेकर औचक गांवों में जाकर शौचालय, आवास और मनरेगा कार्यों की ऑडिट करके रिपोर्ट तैयार कर रही है। इससे अफरा-तफरी का माहौल है।

केंद्र के निर्देश पर कैग की तीन सदस्यीय टीम शनिवार को जनपद पहुंची। जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त रोजगार श्रम व परियोजना प्रबंधक डीआरडीए से ग्राम पंचायतों में बनाए गए शौचालय, आवास और मनरेगा कार्यों के अभिलेख जुटाए। इस आधार पर टीम ने माल ब्लॉक के सात-आठ गांवों का औचक ऑडिट किया। इससे प्रधान, सचिव व अन्य में अफरा-तफरी मच गई। टीम ने गांवों योजना और निर्माण सम्बंधित अभिलेख के अनुसार कार्य देखे और मिलान किया। ग्रामीणों से भी बात की। इसी तरह टीम कई दिन रुककर गांवों का ऑडिट करेगी और केंद्र को रिपोर्ट करेगी। यदि गड़बड़ी मिली तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना तय है।

### इन प्रमुख बिंदुओं पर ऑडिट

- लाभार्थियों के आवेदन, उनका सत्यापन व चयनित अंतिम सूची
- लाभार्थियों अपात्र व कटौती करने का कारण
- लाभार्थियों की प्राथमिकता, 2011 जनगणना सूची
- मोबाइल नंबर, राशन कार्ड, आधार कार्ड, जॉब कार्ड व बैंक खाता संख्या
- ग्रामसभा द्वारा लाभार्थियों का चयन व योजनाओं के क्रियान्वयन का पारित आदेश
- सामुदायिक स्वच्छता परिसर के लिए भूमि उपलब्धता प्रमाण पत्र
- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का विवरण

न्यूज ब्रीफ

### बच्ची से दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**कुशीनगर, अमृत विचार :** पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने अभियुक्त सुरेन्द्र सिंह पुत्र रामरतन सिंह निवासी विरवट कोन्हवलिया थाना तरयासुजान जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश कर वहां से जेल भेज दिया गया। 10 अप्रैल को पीड़िता के पिता ने थाना तरयासुजान पर तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि उसकी 5 वर्षीय पुत्री कक्षा 1 में पढ़ती है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने पुलिस टीमों का गठन किया। जांच में पता चला कि पीड़िता सुबह करीब 11 बजे लंच होने के बाद घर न जाकर सीधे अपने पड़ोसी के घर के पास आम बीनने चली गयी थी। बच्ची को अकेला पाकर अभियुक्त सुरेन्द्र सिंह बच्ची को आम देने के लिये फुसला कर दुष्कर्म किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

### सागौन की लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**कुशीनगर, अमृत विचार :** थाना कसया पुलिस ने मंगलवार को सूचना के आधार पर मल्लूडीह, एनएच-28 पर चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोका। उसमें भारी मात्रा में अवैध सागौन की लकड़ी बरामद की गयी। मौके से अभियुक्तगण गोपाल कुमार गौड़ निवासी लक्ष्मीपुर थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर व भगवती गुप्ता निवासी धौरहरा थाना चौराखास जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### धुआं निकला, ऑडी बनी आग का गोला

**कानपुर।** गंगा बैराज से सरैया पुल की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर ट्रांस गंगा सिटी के पास हाईकोर्ट के अधिवक्ता की ऑडी कार में भीषण आग लग गई। उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता रविकांत राणा लखनऊ से कानपुर आ रहे थे। उनकी लक्जरी कार के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा तो उन्होंने कार किनारे रोकी। नीचे उतरे, तब तक कार लपटों में घिर गई। अधिवक्ता का बाल झुलस गया। शार्टसर्किट का अंदेशा है।

# बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलने का लें संकल्प : शीतल

## जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मनाई गई संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर की 135वीं जयंती

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह।



आंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। विकास भवन सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह एवं सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह ने कहा कि बाबा साहब सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं थे, उन्होने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के अपना पूरा जीवन समर्पित किया। बाबा साहब का स्पष्ट सन्देश था शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो। हमे संकल्प लेना है कि बाबा साहेब के बताये रास्ते पर चलेंगे। भारत को विकसित/मजबूत राष्ट्र बनाने में अपना सहयोग दें। बाबा साहब के सामाजिक और वैचारिक योगदानो के लिए हम सभी उनके ऋणी हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। बाबा साहब ने शिक्षा को अपना हथियार बनाया और आगे बढ़े। आप सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलना चाहिए जिससे हमारा देश सश्क्त बने और अधिक ऊँचाईयों पर पहुंचे। हम सब को उनके विचारों को आगे ले जाने का काम करना है। संविधान के रास्ते पर चलें। देश के विकास के लिए हम सभी लोग काम संविधान द्वारा सभी को स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया। ऐसे में उनके विचारों को सभी को एकजुट होकर आगे ले जाने की जरूरत है। बाबा साहब के विचारों के साथ सामाजिक एकीकरण का कार्य करना चाहिए। सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से संविधान के जनक अम्बेडकर ही थे। उन्होने हमारे देश का जो संविधान दिया है उसके लिए हम सभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित करते है। हमारा देश भिन्नता में भी एकता से हम सभी लोग एक साथ रह रहे है। देश में शान्ति एवं सुरक्षा से हम सभी देशवासी एक साथ रहते है। उन्होने पुनः सभी को बधाई दिया। सीडीओ बलराम सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक न्याय के लिए काम किया। जाति प्रथा को समाप्त करने के लिए प्रयास किया। देश आजाद होने के बाद देश चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता थी। डीएम ने अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह को भारत का संविधान उद्द्घोषिका भेट किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नौगढ़ विश्वजीत सौरयान, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा एसएसबी के जवान उपस्थित रहे।

### बाबा साहब के आदर्शों को करें आत्मसात

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने विधानसभा कपिलवस्तु के उसका, लोटन, जोगिया में विभिन्न जगहों पर आयोजित शोभा यात्रा व बाबा साहब के मूर्तियों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहब को नमन किया। इसी क्रम में विकास खंड नौगढ़ देहात के ग्राम मीरवापुर में आयोजित चौपाल में पहुंचकर वहां स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कन्हैया पासवान ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक, समतामूलक समाज के प्रणेता बाबा साहेब न्याय व समता पर आधारित समाज के लिए सदा प्रयत्नशील रहे। उनके महान व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। उक्त अवसर पर कार्यक्रम आयोजित/प्रतिमा संस्थापाक रामसरन गौतम, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष तेजू विश्वकर्मा, क्षेत्रीय मंत्री पिछड़ा मोर्चा दीपेंद्र चौधरी, निवर्तमान मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, मंडल अध्यक्ष सोनू गुप्ता, संतोष शुक्ला, मंडल महामंत्री वीरेंद्र, करीम आदि लोग उपस्थित रहे।



बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग। अमृत विचार

### सांसद की बेटी ने बाबा साहेब को किया याद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल के कैंप कार्यालय पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद की पुत्री पूजा पाल ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कहा कि बाबा साहेब इस देश के संविधान निर्माता थे तथा उन्होंने गरीबों, दलितों एवं मजदूरों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिवाद और भेदभाव को समाप्त करने के लिए ऐतिहासिक प्रयास किए, जो आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में सुषमा सिंह, बीनू शर्मा, रिकू पाल, जहीर सिद्दीकी, बृज किशोर मिश्रा, प्रिंस शर्मा, सतीश शुक्ला, राहुल चौरसिया, अमरेंद्र सिंह, संतराम मिश्रा, राहुल राय, विशाल सिंह, मनोज, रवि वर्मा, अजय कुमार, जय सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अपने संघर्षों से बाबा साहब ने हासिल किया मुकाम

संवाददाता कुशीनगर



डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर।

**अमृत विचार:** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने अत्यंत कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प एवं कठोर परिश्रम के बल पर उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज में समानता, न्याय एवं अधिकारों की स्थापना के लिए निरंतर कार्य किया। डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देश के प्रथम कानून मंत्री के रूप में कार्य करते हुए महिलाओं के अधिकारों, श्रमिकों के हितों, सामाजिक न्याय तथा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्थान हेतु आरक्षण सहित अनेक ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कानूनों का निर्माण किया।

### आंबेडकर जयंती पर जिले में हुए आयोजन

**कुशीनगर, अमृत विचार :** कुशीनगर में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शोभायात्रा, रैली, जनसभा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।जगह-जगह भव्य जुलूस और बाइक रैली निकाली गई, जिसमें युवा, सामाजिक संगठन और आम जनता बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई ।कई स्थानों पर संविधान निर्माता के विचारों पर गोष्ठी आयोजित कर उनके योगदान को याद किया गया।

# हर घर में जन्म लें आंबेडकर जैसे प्रतिभाशाली बच्चे : रोहित पांडेय

संवाददाता, संतकबीरनगर



जिला मुख्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित जनसभा में शामिल सपा कद्दावर नेता रोहित पांडेय व अन्य लोग।

**अमृत विचार।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को जिले भर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय ने विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

सपा कद्दावर नेता रोहित पांडेय ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है। ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जिससे हर घर में बाबा साहब जैसे प्रतिभाशाली और जागरूक बच्चे जन्म लें। इससे पूर्व मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय से सपा नेता रोहित पांडेय के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

# बालक की हत्या में मां-बेटे सहित छह लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डारीडीहा गांव में क्रिकेट खेलते समय घायल हुए एक बालक की मौत के मामले में पुलिस ने मां-बेटे समेत छह लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच जारी है।

पीड़ित पिता दिलीप कुमार पुत्र बनारसीलाल का आरोप है कि 13 अप्रैल को वह घर पर नहीं थे। उनकी गैरमौजूदगी में गांव निवासी रविंद्र की पत्नी ने अपने बच्चों के जरिए उनके छोटे बेटे दिव्यांश को घर के पास बुलाया। आरोप है कि वहां मौजूद रविंद्र की पत्नी, चंदन, रितेश, मुकेश और रविंद्र के दोनों बेटों ने मिलकर दिव्यांश को पकड़कर मारपीट की।

दिलीप कुमार के बड़े बेटे दीपेश ने मौके पर पहुंचकर देखा कि सभी आरोपी दिव्यांश को लात-घूंसों और डंडों से पीट रहे थे। उसके पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए, तब तक दिव्यांश बेहोश हो चुका था। सूचना मिलने पर पिता मौके पर पहुंचे और बेटे को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल जय प्रकाश दूबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मां-बेटे समेत छह लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है, जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन के दरवाजे पर बैठे युवक की गिरकर मौत

**कानपुर, अमृत विचार।** पनकी स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। वह पिता की दवा लेने इटावा से कानपुर आ रहा था। ट्रेन में सीट न होने के कारण दरवाजे के पास बैठा था, तभी हवा के झोंके में गिरकर उसकी जान चली गई। इटावा के गादीपुरा पुरवानगर निवासी राकेश का बेटा नीरज (30) नगर पालिका परिषद में ठेके पर सफाई कर्मी था। पिता सांस की बीमारी से पीड़ित है, जिसका कानपुर के डॉक्टर का इलाज चल रहा है। तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। छोटे भाई राजीव ने बताया कि वह भी सोमवार सुबह नीरज के साथ पिता की दवा लेने आ रहे थे।

# बरेली-नई दिल्ली एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 14315/14316 बरेली-नई दिल्ली-बरेली एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार प्रतिदिन कासगंज से/तक किया गया है। विस्तारित मार्ग पर समय एवं ठहराव है। कासगंज से 17 अप्रैल से प्रतिदिन चलने वाली 14315 कासगंज-नई दिल्ली एक्सप्रेस कासगंज से 02.50 बजे प्रस्थान कर सोरों शूकर क्षेत्र से 03.08 बजे, उझानी से 03.37 बजे, बदायूँ से 03.55 बज तथा बरेली से 04.55 बजे छूटकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये नई दिल्ली 10.20 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, नई दिल्ली से 16 अप्रैल, 2026 से प्रतिदिन चलने वाली 14316 नई दिल्ली-कासगंज एक्सप्रेस नई दिल्ली से 16.35 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये बरेली से 22.00 बजे, बदायूँ से 22.45 बजे, उझानी से 23.00 बजे तथा सोरों शूकर क्षेत्र से 23.32 बजे छूटकर दूसरे दिन कासगंज 00.10 बजे पहुंचेगी। 14315/14316 कासगंज-नई दिल्ली-कासगंज एक्सप्रेस का बरेली-नई दिल्ली-बरेली के मध्य स्टेशनों का समय यथावत रहेगा। 14315 कासगंज-नई दिल्ली एक्सप्रेस 20 मई, 2026 से नई गाड़ी संख्या 15303 के साथ कासगंज से संचालित की जायेगी तथा 14316 नई दिल्ली-कासगंज एक्सप्रेस 20 मई, 2026 से नई गाड़ी संख्या 15304 के साथ नई दिल्ली से संचालित की जायेगी।



### साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए 05056/05055 गोरखपुर-अलीपुरद्वार-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी गोरखपुर से 18, 25 अप्रैल एवं 02 मई को तथा अलीपुरद्वार से 19, 26 अप्रैल एवं 03 मई को 03 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 09, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, विषाक्त के सेवन की आशंका

**संतकबीरनगर: अमृत विचार।** धनघटा थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव में मंगलवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सोनडीहा गांव निवासी 28 वर्षीय संजू, पत्नी स्वामीनाथ की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों का कहना है कि संजू ने कथित रूप से कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैसर बाजार ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान संजू की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# कार सवार दबंगों ने पिता-पुत्रों को पीटा, तोड़फोड़

संवाददाता,संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के जिला अस्पताल गेट के सामने मंगलवार को कार सवार दबंगों ने जमकर तांडव किया। आरोप है कि दबंगों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की। घटना में पीड़ित और उनके दो बेटों समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है । वहीं, मामले की जांच- पड़ताल में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले लोग आंबेडकर जयंती पर निकले जुलूस में शामिल होने आए थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार से पहुंचे हमलावरों ने पहले गाली-गलौज शुरू की, फिर घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले के दौरान घर में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज अशोक कुमार दूबे व अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। चौकी इंचार्ज अशोक दूबे ने बताया कि बड़गों गांव निवासी पीड़ित बाबूलाल गौड़ ने तहरीर देकर आरोप मढ़ा कि बाबा साहब डॉक्टर भीम राम आंबेडकर के जुलूस से वापस आते समय कार सवार तीन-चार लोग उतरे और अनायास ही उसके बेटे विशाल और विकास को गाली गलौज देने लगे। मना करने जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी और डंडों से उसे और दोनों बेटों को मारेपीटे। पिटाई से तीनों लोगों को काफी गंभीर चोटे आई। इस मामले में बेटे विशाल ने बताया कि अजीत गौतम उसके गांव का था। जबकि सूरज गौतम अनई का रहने वाला है। कोतवाल जयप्रकाश दूबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर बड़गों निवासी अजीत गौतम, अनई निवासी सूरज गौतम व एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट,गाली गलौज और जानमाल की धमकी का केस दर्ज किया गया।

# शार्ट-सर्किट से तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप


**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के आदर्श होटल गली में सोमवार की देर रात शार्ट सर्किट से एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि उसे बुझाने में करीब पांच घंटे का समय लग गया। हालात को देखते हुए गोरखपुर से भी फायर ब्रिगेड की दो अतिरिक्त गाड़ियां मंगानी पड़ीं। देर रात करीब दो से ढाई बजे के बीच आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार, मुखलिसपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप तिराहे के पास आदर्श होटल गली निवासी राजेश अग्रहरि का तिमंजिला मकान है, जिसका उपयोग गोदाम के रूप में किया जाता था। गोदाम में दोना, पत्तल और गिलास का भारी मात्रा में भंडारण था। सोमवार रात करीब 9:45 बजे शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने मकान मालिक को सूचना दी।

लेट-लतीफी

ककरहवा क्षेत्र में निर्माणाधीन आईटीआई का भवन लगभग तैयार

# भवन बनकर तैयार, प्रवेश शुरू होने का इंतजार

**ककरहवा,सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा से सटे ककरहवा क्षेत्र में निर्माणाधीन आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का भवन अब लगभग तैयार हो चुका है, लेकिन अब तक यहां पठन-पाठन का कार्य शुरू नहीं हो सका है।



बनकर तैयार आईटीआई का भवन।

भवन तैयार होने के बावजूद प्रशिक्षण गतिविधियां प्रारंभ न होने से क्षेत्र के युवाओं और अभिभावकों में निराशा व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थान की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को अपने ही जिले में तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। वर्तमान में अधिकांश युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के शहरों की ओर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और समय संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों और अभिभावकों के अनुसार, यदि जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दिया जाए तो युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, कंप्यूटर जैसे विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण मिल सकेगा। इससे न केवल उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि वे स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ सकेंगे। क्षेत्रीय लोगों का यह भी मानना है कि सीमावर्ती इलाके में आईटीआई के संचालन से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। छोटे-छोटे व्यवसाय, किराये के मकान, दुकानों और अन्य सेवाओं की मांग बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। हालांकि, अभी तक संबंधित विभाग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने को लेकर कोई स्पष्ट समय-सीमा घोषित नहीं की गई है। इस कारण युवाओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के क्रम में महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र सिद्धार्थनगर के ग्राम विनैका की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया। महिला पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं, छात्राओं व महिलाओं को आपात स्थिति में हेल्प लाइन नंबरों पर बिना संकोच सूचना देने को प्रेरित किया। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# लिव-इन संबंध अपराध नहीं, वयस्कों की सुरक्षा पुलिस की है जिम्मेदारी : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन संबंध में रह रहे दो वयस्कों को राहत देते हुए स्पष्ट किया कि यदि संबंध सहमति से है, तो यह किसी भी प्रकार का आपराधिक कृत्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक नैतिकता और कानून को अलग-अलग रखा जाना चाहिए तथा केवल नैतिक आधार पर किसी व्यक्ति के अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने अनामिका व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने पाया कि याची बालिग हैं और अपनी इच्छा से साथ रह रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि युवती के परिजन उनके संबंध का विरोध कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे ऑनर किलिंग का खतरा उत्पन्न हो गया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस की यह स्पष्ट जिम्मेदारी है कि वह वयस्कों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करें। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऑनर क्राइम जैसे मामलों की रोकथाम और वयस्कों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की विधिक जिम्मेदारी है। कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक याचियों को संबंधित मामले में गिरफ्तार न किया जाए, साथ ही युवती के परिवारजनों को दोनों के जीवन और स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने से रोका गया है। एसपी, शाहजहांपुर को व्यक्तिगत रूप से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है।

